आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–21 मार्च 2024 सान्ध्य समाचार

रंगभरी एकादशी के अगले ही दिन वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर चिता भस्म की होली खेली गयी। घाट पर धधकती चिताओं के बीच होली गीतों पर थिरकते हुए बड़ी सख्या में काशीवासियों ने एक दूसरे को भस्म लगाकर होली खेली इस अदभुत चिता भस्म की होली देखने और इसमे शामिल होने के लिए दूर दराज से लोग वाराणसी पहुंचे। काशी में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस होली में भस्म, चिता की राख और गुलाल से जलती चिताओं के बीच होली खेली जाती है। यह ऐसा दिन होता है जब महाशमशान घाट पर गम के बीच उत्सव भी देखा जाता है। यह नजारा पूरी दुनिया में कही देखने और सुनने को नही मिलता। मणिकर्णिका घाट पर कुछ लोग भूत पिशाच का वेश धारण कर होली खेलते दिखाई पड़े तो कोई डमरूओं की नाद पर थिरकता रहा था। किसी ने चेहरे पर राख मला तो कोई चिता भस्म से नहाया नजर आया। मशान होली सौ डमरूओं की निनाद के साथ शुरू हुई जिसे देखने के लिए घाट पर लाखों की संख्या में लोग घाट पर जुटे रहे। मान्यता है कि रंगभरी एकादशी पर गौना कराकर लौटते समय बाबा विश्वनाथ ने देवताओं के साथ होली खेली थी। लेकिन भूत प्रेत और औघड़ छूट गये थे। इसी वजह से श्री काशी विश्वनाथ ने अगले दिन महाशमशान में भूतों के साथ होली खेली थी। तभी से यह मशान होली की परंपरा चली आ रही है।

****

प्रदेश के 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए शुरू हुए नामांकन के दूसरे दिन भी ज्यादातर प्रत्याशियों की ओर से नामांकन पत्र ही लिए गए। प्रथम चरण में निर्वाचन के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होकर 3 बजे तक चलेगी। नामांकन के दौरान आरओ–एआरओ कार्यालय में 5 लोगों को ही प्रवेश की अनुमति होगी।

पहले दिन सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। इन लोकसभा सीटों में 7 सामान्य सीटें है, वहीं नगीना सीट आरक्षित है। पहले चरण के नामांकन करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। नामांकनपत्रों की जांच 28 मार्च को होगी तथा 30 मार्च को नाम वापसी का दिन तय है। प्रथम चरण के 8 लोकसभा क्षेत्रों में एक करोड़ तिरालिस लाख़ मतदाता है। इनमें छिहत्तर लाख तेइस हजार पुरूष, व सड़सठ लाख चौदह हजार महिला और 824 थर्ड जेन्डर के मतदाता हैं। इस चरण में होने वाले मतदान के लिये कुल सात हजार से अधिक मतदान केन्द्र तथा 14 हजार 842 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। चुनाव में व्यय की अधिकतम सीमा प्रति प्रत्याशी 95 लाख निर्धारित की गई है।

****

रामजन्म भूमि परिसर के भव्य मंदिर में विराजमान रामलला पहली बार होली खेलेगें। इसके लिए भव्य आयोजन किया जा रहा है। रामलला कचनार के फूलों से बने प्राकृतिक गुलाल से होली खेलेगें। पौराणिक ग्रंथों के आधार पर कचनार, त्रेतायुग में अवध का राज्य वृक्ष भी था।

****

बदायूं में दो सगें भाईयों की निर्मम हत्या के बाद फरार चल रहा दूसरा आरोपी जावेद भी आज बरेली के सेटेलाईट बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया गया। जावेद, हत्या कांण्ड के बाद से दिल्ली में रह रहा था और बरेली में सरेंडर करने आया था। सूचना पर बरेली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर बदायूं पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस उससे पूछ–ताछ कर रही है। जावेद के भाई साजिद का हत्या कांण्ड वाले दिन ही इनकाउंटर हो चुका है।

****

रामपुर जिले के चर्चित डूंगरपुर मामले में पूर्व मंत्री आजम खान सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया है। इन पर बारह मुकदमें दर्ज हुए थे इसमें से एक मुकदमें में सभी आरोपियों को पहले ही बरी किया जा चुका है जबकि दूसरे मामले में आजम खान को सात साल की सजा और आठ लाख रूपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। आजम सहित चार लोगों को इसमें सजा हो चुकी है जबकि इसी मामले मे तीन आरोपियों को बरी कर दिया गया है। इसी प्रकरण में आज एक और मामले मे फैसला आया है, जिसमें आजम सहित आठ लोग आरोपी थे। इसमे मकानों पर बुलडोजर चलवाने के साथ ही घर में लूट–पाट करने का आरोप शामिल था। इसकी सुनवाई जिले के एमपी–एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही थी। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि कोर्ट में यह मामला विचाराधीन था जिसमें आज फैसला सुनाया गया और आजम खान सहित सभी आठ आरोपियों को बरी कर दिया गया है।

****

बुलंदशहर से भारतीय जनता पार्टी के सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रदीप चौधरी को कोविड प्रोटोकॉल तथा आदर्श चुनाव संहिता का उल्लंघन करने के मामले में एमपी–एमएलए की विशेष अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। अदालत ने उनतीस मार्च को विधायक को न्यायालय में हाजिर होने का आदेश दिया है। सदर विधायक कोर्ट पर तारीख पर नही आ रहे थे जिस पर सख्त रूख अपनाते हुए एमपी–एमएलए कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया।

****